दिल्ली सरकार
आप की सरकार

Department of Art Culture & Languages
Delhi Government

# हिन्दी अकादमी, दिल्ली

## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

## अकादमी में कलाकारों एवं कलादलों के सूचीकरण के लिए आमंत्रण

हिन्दी अकादमी, दिल्ली सरकार की एक स्वायत्तशासी संस्था है जिसका उद्देश्य दिल्ली में हिन्दी भाषा, साहित्य और संस्कृति का संवर्द्धन और विकास करना है। इसी क्रम में अकादमी द्वारा पूरे वर्ष साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इन कार्यक्रमों के आयोजन में सांस्कृतिक दलों, लोक कलाकारों, रंगकर्मियों एवं अन्य कलाकारों की आवश्यकता होती है। इन कार्यक्रमों के आयोजन में व्यापक रूप से उनकी सहभागिता को पारदर्शी तरीके से अपनाने के लिए अकादमी निम्न वर्गों के कलाकारों/दलों/एकल कलाकारों व नाट्य निर्देशकों से आवेदन आमंत्रित करती है :

1. शास्त्रीय नृत्य
2. अर्द्ध शास्त्रीय संगीत एवं आधुनिक संगीत
3. नाटक एवं नृत्य नाटिका
4. लोक कला (लोक सांस्कृतिक दल)
5. उभरते हुए कलाकार/एकल कलाकार शास्त्रीय संगीत (वीणा वादक, बांसुरी वादक, वॉयलन व अन्य सभी शास्त्रीय/लोक संगीत यंत्रों के वादक)
6. सांस्कृतिक दल (केवल दिल्ली में पंजीकृत सांस्कृतिक दल)

इस संबंध में विस्तृत जानकारी अकादमी की वैबसाइट www.hindiacademy.delhi.gov.in पर उपलब्ध है। विधिवत रूप से भरे गए आवेदन-पत्र अकादमी में व्यक्तिगत रूप से (केवल दिल्ली एवं एनसीआर) के लिए) विज्ञापन प्रकाशित किए जाने की तिथि से तीस दिन के भीतर सायं 5.00 बजे तक जमा कराए जा सकते हैं। अन्य आवेदन अकादमी की ईमेल hindiacademyprogramme1@gmail.com या डाक द्वारा अंतिम तिथि तक अकादमी को प्राप्त हो जाने चाहिए। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए श्री जगदीश चंद्र शर्मा, सहायक सचिव (कार्यक्रम), दूरभाष संख्या 011-20923005 पर सम्पर्क करें।

(संजय कुमार गर्ग), सचिव

**(DIP/Shabdarth/Classified/0251/24-25)**

## अकादमी में कलाकारों एवं कला दलों के सूचीकरण के लिए दिशा–निर्देश

हिन्दी अकादमी, दिल्ली सरकार की एक स्वायत्तशासी संस्था है जिसका उद्देश्य दिल्ली में हिन्दी भाशा, साहित्य और संस्कृति का संवर्धन और विकास करना है। अकादमी द्वारा पूरे वर्श साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इन कार्यक्रमों के आयोजन में सांस्कृतिक दलों, लोक कलाकारों, रंगकर्मियों एवं अन्य कलाकारों की आवश्यकता होती है। इन कार्यक्रमों के आयोजन में व्यापक रूप से उनकी सहभागिता को पारदर्शी तरीके से अपनाने के लिए अकादमी निम्नलिखित वर्गों के कलाकारों/दलों/एकल कलाकारों व नाट्य निर्देशकों से आवेदन आमंत्रित करती है :–

क. (वर्ग)

1. **शास्त्रीय नृत्य**
   - i- कथक
   - ii- भरत नाट्यम
   - iii- ओडिसी
   - iv- कुचिपुड़ी
   - v- कथकली
   - vi- मणिपुरी
2. **अर्द्ध शास्त्रीय संगीत एवं आधुनिक संगीत**
   - i- ठुमरी, कजरी, गीत
   - ii- भक्ति गीत
   - iii- साहित्यिक कविताओं का गायन
   - iv- हिन्दी गीत एवं गजल
   - v- हिन्दी आर्केस्ट्रा
   - vi- हिन्दी रॉक बैण्ड
3. **नाटक एवं नृत्य नाटिका**
4. **लोक कला (लोक सांस्कृतिक दल)**
   - i- हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, छत्तीसगढ़, झारखंड, हिमाचल व उत्तर प्रदेश के विभिन्न अंचलों के लोक गीत/संगीत
   - ii- हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, छत्तीसगढ़, झारखंड, हिमाचल व उत्तर प्रदेश के विभिन्न अंचलों के लोक नृत्य
   - iii- लोक रंगमंच/नौटंकी/स्वांग/रागिनी व अन्य
   - iv- कठपुतली मंचन
5. **उभरते हुए कलाकार/एकल कलाकार शास्त्रीय संगीत (वीणा वादक, बांसुरी वादक, तबला वादक, वॉयलेन व अन्य सभी शास्त्रीय/लोक संगीत यंत्रों के वादक )**

6. सांस्कृतिक दल
(केवल दिल्ली के पंजीकृत सांस्कृतिक दल, अकादमी द्वारा आयोजित किए जाने वाले संस्थागत सहयोग व अन्य कार्यक्रमों हेतु)

ख. योग्यता

आवेदन के लिए अनिवार्य शर्तें :–

i- आवेदक ने राजकीय या राष्ट्रीय स्तर पर कम से कम चार या इससे अधिक प्रस्तुति की हो। यह नियम क(5) के लिए मान्य नहीं है।

ii- आवेदक/कलाकार अपनी कला के विषय में दर्शकों को अच्छी तरीके से समझाने की क्षमता रखता हो।

iii- आवेदक भारतवर्ष का निवासी होना चाहिए। (आधार कार्ड की स्व–हस्ताक्षरित प्रतिलिपि संलग्न करें)

iv- संस्था के आवेदन के साथ संस्था का पंजीकरण प्रमाण–पत्र (स्व–हस्ताक्षरित प्रतिलिपि संलग्न करें) जमा करना अनिवार्य है।

v- पैन कार्ड की स्व–हस्ताक्षरित प्रतिलिपि।

vi- आवेदक का बैंक में खाता होना अनिवार्य है।

vii- मुद्रित बिल होना चाहिए तथा उस पर कलाकार/संस्था के बैंक एकाउण्ट, पैन कार्ड और जीएसटी पंजीकरण (सिर्फ संस्था के लिए) की जानकारी उपलब्ध हो।

viii- कलाकार/संस्था द्वारा किए गए कार्यक्रमों की सीडी/फोटो संलग्न करें। कम से कम चार कार्यक्रमों की सीडी व बीस फोटो आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

ix- उभरते हुए कलाकारों एवं दलों को अनुभव में छूट होगी तथा उनका चयन भेजी गई विडियो सोशल मीडिया लिंकस/साक्षात्कार के आधार पर होगा। आवश्यकता पड़ने पर उभरते हुए एकल कलाकारों एवं कला दलों को समिति के सम्मुख प्रस्तुति अनिवार्य होगी।

x- राष्ट्रीय/राजकीय कलाकारों को अपने आवेदन के साथ केन्द्र/राज्य/केन्द्रशासित राज्यों या इनकी स्वायत्त ासी संस्थाओं में किए गए कार्यों की सूची तथा कार्य आदेश की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। अन्यथा विचार नहीं किया जाएगा।

xi- कलाकारों/दलों के चयन का अंतिम निर्णय सचिव, हिन्दी अकादमी, दिल्ली का होगा।

## ग. आवेदन प्रक्रिया

i- आवेदक/संस्था द्वारा निर्धारित प्रपत्र भरकर हिन्दी अकादमी अकादमी मुख्यालय के पते पर **व्यक्तिगत रूप** से तथा **डाक द्वारा** हिन्दी अकादमी, दिल्ली समुदाय भवन, पदम नगर, किशन गंज, दिल्ली–110007 पर भेज सकते हैं। सूचीकरण हेतु आवेदन प्रपत्र (वर्ग क 1, 2 व 5) वर्ग क 3 व वर्ग क 4–6 के दिशा निर्देशों के साथ संलग्नक 1, 2 व 3 पर उपलब्ध हैं।

ii- आवेदक/संस्था का अपना एक यू–ट्यूब चैनल होना आवश्यक है जिसमें कम से कम 10 मिनट एवं अधिकतम 30 मिनट की प्रस्तुति के कम से कम चार वीडियो डाले गये हो।

iii- एक से अधिक वर्गों में आवेदन करने के लिए आवेदकों/संस्थाओं को अलग–अलग प्रपत्र भरकर भेजने होंगे। सभी वर्ग अपने अलग–अलग यू–ट्यूब लिंक का उल्लेख करें।

iv- लोक गायकों/लोक नृत्य कलाकारों/लोक नाट्य कलाकारों को प्रपत्र भरते समय वे किस राज्य से संबंधित लोक नृत्य/लोकगीत–संगीत आदि का प्रदर्शन कर सकते हैं का उल्लेख करना होगा तथा अपनी कला की विशेषताओं को दर्शाना होगा। आवेदन के साथ अपनी प्रस्तुति के प्रमाण–पत्र, समाचार, अवार्ड आदि की एक–एक प्रति संलग्न करनी होगी।

v- प्रत्येक आवेदक अपने आवेदन को पूर्ण रूप से भरे हुए प्रपत्र के साथ सुरुचिपूर्ण ढंग से एक फाइल तैयार कर अकादमी को प्रेषित करेंगे।

**घ. नियम एवं शर्तें**

दिल्ली से बाहर के दलों को दिल्ली में होने वाले कार्यक्रमों के लिए आने–जाने का भत्ता देय नहीं होगा तथा दिल्ली में किसी भी प्रकार की आवास–भोजन सुविधा अकादमी द्वारा देय नहीं होगी। उन्हें केवल तय की गई एकमुश्त धनराशि का भुगतान किया जाएगा।

**ड. पारिश्रमिक**

हिन्दी अकादमी, दिल्ली सरकार द्वारा सभी उत्कृष्ट एवं उभरते हुए कलाकारों को निम्न पारिश्रमिक धनराशि का भुगतान देय है :

| वर्ग | क्र.सं./विधा | भुगतान |
|---|---|---|
| क | 1शास्त्रीय नृत्य | **i** उत्कृष्ट श्रेणी वाले राष्ट्रीय/राजकीय दल/कलाकार (साथी कलाकारों के साथ) को एकमुश्त रुपए 1,00,000 प्रति (एक लाख) कार्यक्रम देय होगा।<br>**ii** उभरते कलाकार/दल (साथी कलाकारों के साथ) को एकमुश्त रुपए 50,000 (पचास हजार) प्रति कार्यक्रम देय होगा। |
| | 2. अर्द्धशास्त्रीय संगीत एवं आधुनिक संगीत (क्रमांक **i** से **iv** ) | **i** उत्कृष्ट श्रेणी वाले राष्ट्रीय/राजकीय दल/कलाकार (साथी कलाकारों के साथ) एकमुश्त रुपए 1,00,000/(एक लाख रुपए) प्रति कार्यक्रम देय होगा।<br>**ii** उभरते कलाकार/दल (साथी कलाकारों के साथ) को एकमुश्त रुपए 50,000 (पचार हजार रूपए) प्रति कार्यक्रम देय होगा। |
| | अर्द्धशास्त्रीय संगीत एवं | **i** उत्कृष्ट श्रेणी वाले दल को एकमुश्त रुपए 1,50, |

| | | |
|---|---|---|
| | आधुनिक संगीत v व vi ) | 000 (एक लाख पचास हजार रुपए) प्रति कार्यक्रम देय होगा।<br>ii उभरते कलाकार को रुपए 75,000 प्रति कार्यक्रम देय होगा। |
| | 3. नृत्य नाटिका, नाटकों के कलाकारों एवं दलों | एकमुश्त रुपए 1,50,000/– (एक लाख पचास हजार रूपए) प्रति कार्यक्रम |
| | 4. लोक सांस्कृतिक दल | i उत्कृष्ट श्रेणी वाले राष्ट्रीय/राजकीय दल/कलाकार (साथी कलाकारों के साथ) एकमुश्त रुपए 75,000/–(पचहत्तर हजार रूपए) प्रति कार्यक्रम देय होगा।<br>ii उभरते कलाकार/दल (साथी कलाकारों के साथ) को एकमुश्त रुपए 50,000/–(पचास हजार रुपए) प्रति कार्यक्रम देय होगा। |
| | 5. उभरते हुए कलाकार/एकल कलाकार(वीणा वादक, बांसुरी वादक, वॉयलेन व अन्य सभी शास्त्रीय/लोक संगीत यंत्रों के वादक इत्यादि) | एकमुश्त रुपए 10,000/–(दस हजार रुपए) प्रति प्रस्तुति |
| | 6. सांस्कृतिक दल | एकमुश्त रुपए 30,000/–(तीस हजार रुपए) प्रति प्रस्तुति (अकादमी के संस्थागत सहयोग हेतु केवल के और दिल्ली में पंजीकृत दल ही मान्य होंगे) |

(संलग्नक–1)

## अकादमी में कलाकारों एवं कला दलों के सूचीकरण हेतु

## आवेदन प्रपत्र वर्ग–1, 2 व 5 के लिए

## (शास्त्रीय नृत्य, अर्द्ध शास्त्रीय संगीत एवं आधुनिक संगीत व उभरती हुए कलाकार/एकल कलाकरों के लिए)

| आवेदक /संस्था का नाम एवं संपर्क विवरण (दूरभाष सहित) | वर्ग/उपश्रेणी (योजना में वर्णित क्र.सं. 'क' के 1, 2 व 5 मे से एक) | गुरु/ि क्षण संस्था का विवरण (शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत वालों के लिए) | किस राज्य से संबंधित प्रदर्शन | प्रदर्शन/शो विवरण (राजकीय, राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रिय स्तर पर किए गए प्रदर्शनों का विवरण) | प्राप्त पुरस्कारों का विवरण | यूट्यूब चैनल का नाम/अन्य सोशल मीडिया अकाउंट के लिंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (i) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) | (vi) | (vi) |
| | | | | | | |

## आवेदन कैसे करें।

**(i)** आवेदक को अपना/संस्था का नाम पता, ई मेल आई डी एवं मोबाइल नम्बर संपर्क विवरण में दर्ज करना आवश्यक है।

**(ii)** आवेदक को किस वर्ग व किस श्रेणी में आवेदन कर रहे हैं लिखना होगा।

**(iii)** शास्त्रीय नृत्य में श्रेणी (I)से (VI) अर्द्ध शास्त्रीय संगीत में श्रेणी (I)से (IV) में आवेदन करने वाले आवेदकों के लिए है। आवेदकों को गुरु/ि क्षण संस्थान का नाम लिखना होगा जहां से प्रशिक्षण लिया गया है। अर्द्धशास्त्रीय संगीत व आधुनिक श्रेणी में V व VI व क 5 के लिए यह नियम लागू नहीं है।

**(iv)** आवेदकों को राजकीय/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय के साथ प्रदर्शनों/शो का स्पष्ट विवरण देना आव यक है। (प्रत्येक स्तर पर किए गए प्रदर्शनों का कार्य आदेश भी संलग्न करें।)

कृपया प्रत्येक जानकारी को संबंधित प्रपत्र (हिन्दी अकादमी की वेबसाइट में उपलब्ध) में भरकर अकादमी में व्यक्तिगत रूप से (केवल दिल्ली के कलाकारों/संस्थाओं के लिए) जमा करवाना आवश्यक है। दिल्ली से बाहर के कलाकार व कला दल अकादमी को मेल पर आवेदन कर सकते हैं।

(संलग्नक–2)

## अकादमी में कलाकारों एवं कला दलों के सूचीकरण हेतु

## आवेदन प्रपत्र वर्ग–3 के लिए

## (नाटक व नृत्य नाटिका के लिए)

| आवेदक /संस्था का नाम एवं संपर्क विवरण (दूरभाष सहित) | प्रदर्शन/शो विवरण (राजकीय, राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रिय स्तर पर किए गए प्रदर्शनों का विवरण) | प्राप्त पुरस्कारों का विवरण | यूट्यूब चैनल का नाम/अन्य सोशल मीडिया अकाउंट के लिंक |
|---|---|---|---|
| (i) | (v) | (vi) | (vi) |
| | | | |

## आवेदन कैसे करें।

i आवेदक को अपना/संस्था का नाम पता, ई मेल आई डी एवं मोबाइल नम्बर संपर्क विवरण में दर्ज करना आवश्यक है।

ii आवेदकों को राजकीय/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय के साथ प्रदर्शनों/शो का स्पष्ट विवरण देना आवश्यक है। (प्रत्येक स्तर पर किए गए प्रदर्शनों का कार्य आदेश भी संलग्न करें।)

कृपया प्रत्येक जानकारी को संबंधित प्रपत्र (हिन्दी अकादमी की वेबसाइट में उपलब्ध) में भरकर अकादमी में व्यक्तिगत रूप से (केवल दिल्ली के कलाकारों/संस्थाओं के लिए) जमा करवाना आवश्यक है। दिल्ली से बाहर के कलाकार व कला दल अकादमी को hindiacademyprogramme1@gmail.com मेल पर आवेदन कर सकते हैं।

(संलग्नक–3)

## अकादमी में कलाकारों एवं कला दलों के सूचीकरण हेतु आवेदन का प्रपत्र

### वर्ग–4 व 6 के लिए

### (आवेदन लोक कला लोक सांस्कृतिक दल व सांस्कृतिक दलों हेतु)

| आवेदक /संस्था का नाम एवं संपर्क विवरण (दूरभाष सहित) | वर्ग/उपश्रेणी (योजना में वर्णित क्र.सं. 'क' के 4 व 6 में से एक) | गुरु/ि ाक्षण संस्था का विवरण (शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत वालों के लिए) | किस राज्य से संबंधित प्रदर्शन (केवल सांस्कृतिक दलों के लिए) | प्रदर्शन/शो विवरण (राजकीय, राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रिय स्तर पर किए गए प्रदर्शनों का विवरण) | प्राप्त पुरस्कारों का विवरण | यूट्यूब चैनल का नाम/अन्य सोशल मीडिया अकाउंट के लिंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (i) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) | (vi) | (vi) |
| | | | | | | |

### आवेदन कैसे करें।

i. आवेदक को अपना पता, ई मेल आई डी एवं मोबाइल नम्बर संपर्क विवरण में दर्ज करना आवश्यक है।

ii. आवेदक को किस वर्ग व किस श्रेणी में आवेदन कर रहे हैं लिखना आव यक है।

iii. आवेदकों को उस राज्य/क्षेत्र का नाम निर्दिश्ट करना चाहिए जहां कि कला/नृत्य का प्रद र्ान करते हैं।

iv. आवेदकों को राज्यकीय/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय के साथ प्रदर्शनों/शो का स्पष्ट विवरण देना आव यक है। (प्रत्येक स्तर पर किए गए प्रदर्शनों की कार्यआदेश संलग्न करें।)

कृपया प्रत्येक जानकारी को संबंधित प्रपत्र (हिन्दी अकादमी की वेबसाइट में उपलब्ध) में भरकर अकादमी में व्यक्तिगत रूप से (केवल दिल्ली के कलाकारों/संस्थाओं के लिए) जमा करवाना आवश्यक है। दिल्ली से बाहर के कलाकार व कला दल अकादमी को मेल पर आवेदन कर सकते हैं।